हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 6 सितंबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 सरकार और समाज की सहभागिता से शासकीय...



07 सोहागपुर में खस्ताहाल स्टेट हाईवे को लेकर...



कोलकाता के डॉ सुजय कुमार मंडल 'सरस्वती पुत्र सम्मान' से हुए सम्मानित

विपिन जोशी स्मारक समिति का 42वां राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न

गुरुजनों के पद प्रक्षालन और महाआरती के साथ 40 शिक्षकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शिक्षक दिवस के अवसर पर पत्रकार एवं समाजसेवी प्रमोद पगारे द्वारा संस्थापित एवं प्रवर्तित विपिन जोशी स्मारक समिति का 42वां राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह शनिवार को द पार्क रिजॉर्ट इटारसी में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित 40 श्रेष्ठ शिक्षकों एवं गुरुजनों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम आचार्य पंडित सोमेश परसाई के सानिध्य में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. अजय गोयनका, चेयरमैन चिरायु हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज, अति विशिष्ट अतिथि अजय गुप्ता, पूर्व एडिशनल एडवोकेट जनरल तथा विशेष अतिथि उषा खरे (केबीसी फेम) सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

समारोह की शुरुआत गुरुजनों के पद प्रक्षालन एवं महाआरती के साथ हुई। विपिन जोशी स्मारक समिति के सदस्यों एवं अतिथियों ने सम्मानित शिक्षकों के चरण पखारकर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इसके बाद सभी चयनित शिक्षक-शिक्षिकाओं को ट्रॉफी, शॉल-श्रीफल, सम्मान पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। समिति की ओर से प्रदान की जाने वाली चलित ट्रॉफी भी प्रदान की गई।

विपिन जोशी स्मारक समिति का 42वां राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह शनिवार को द पार्क रिजॉर्ट इटारसी में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान शिक्षकों को चलित ट्रॉफी भी प्रदान की गई।



सरस्वती पुत्र सम्मान

42वें राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में इस वर्ष सर्वोच्च सरस्वती पुत्र सम्मान से कोलकाता के डॉ. प्रो. सुजय कुमार मंडल को नवाजा गया है। उन्होंने 25 छात्रों का डॉक्टरेट और 15 का एम.फिल. के लिए मार्गदर्शन किया है। अभी 8 छात्र उनके मार्गदर्शन में पीएच.डी. कर रहे हैं। उन्होंने 5 पुस्तकों सहित लगभग 140 शोधपत्रों का प्रकाशन किया है। वे वेल्लूर रामकृष्ण मिशन, स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय में भी सेवाएं दे चुके हैं।

शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता है सम्मान

मुख्य अतिथि डॉ. अजय गोयनका ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान नहीं करते, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं। अति विशिष्ट अतिथि अजय गुप्ता ने शिक्षक और विद्यार्थी के संबंध तथा जीवन निर्माण में गुरु की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। विशेष अतिथि उषा खरे ने भी शिक्षकों के योगदान को नमन करते हुए अपने विचार रखे। आचार्य पंडित सोमेश परसाई ने गुरु परंपरा की महत्ता बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सदैव सर्वोच्च रहा है। समिति के संस्थापक एवं संरक्षक प्रमोद पगारे ने कहा कि शिक्षक सम्मान के कार्यक्रम अनेक स्थानों पर होते हैं, लेकिन शिक्षकों के पद प्रक्षालन और महाआरती के माध्यम से उनका अभिनंदन करने की परंपरा विपिन जोशी स्मारक समिति के आयोजन की विशिष्ट पहचान है। समिति अध्यक्ष अधिवक्ता रमेश के. साहू ने कहा कि संस्था लगातार 42 वर्षों से राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित कर रही है। कार्यक्रम में अतिथियों के साथ समिति के संस्थापक संरक्षक प्रमोद पगारे, अध्यक्ष रमेश के. साहू एडवोकेट, सचिव विनीत चौकसे, कोषाध्यक्ष नीलेश जैन, स्थायी संचालक अनिल झा सहित समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का अनिल झा ने किया।

ज्ञानगंगा सम्मान

इस वर्ष का ज्ञान गंगा सम्मान मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल के डॉ. गौरव द्विवेदी को दिया गया है। उन्होंने ऊर्जा एवं नवीनीकरण ऊर्जा के क्षेत्र में शिक्षण एवं शोध के साथ विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियां प्राप्त की हैं। इनमें ऊर्जा के क्षेत्र में प्रमुख वैज्ञानिकों में शीर्ष 2 प्रतिशत में स्थान, यंग साइंटिस्ट अवार्ड, भारतीय पेटेंट प्रकाशित, शोधपत्र प्रकाशित तथा विभिन्न पुस्तकें प्रकाशित करना आदि उपलब्धियां शामिल हैं।

महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी हुए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के गौतम वार्ड क्षेत्र में घर में अकेली महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में सोहागपुर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने शनिवार दोपहर प्रेस नोट जारी किया है।

प्रेस नोट अनुसार तीन सितंबर 2026 को प्रेमशंकर साहू पुत्र रामनारायण साहू निवासी गौतम वार्ड सोहागपुर ने मामले में रिपोर्ट की थी कि उनके घर के सामने रहने वाली ओमवति उर्फ उमा पिता हरप्रसाद सिलावट उम्र 40 साल को अज्ञात व्यक्ति ले गया है। तब अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 140 (3) बीएनएस का अपराध कायम किया गया। नर्मदापुरम एसपी साईकृष्णा एस थोटा, एएसपी अभिषेक राजन तथा एसडीओपी अरविंद शाह के मार्गदर्शन में कार्यवाही के लिए पुलिस टीम निकली व गुमशुदा को चार सितंबर 2026 को दस्तयाब किया। जिसने अपने कथन में बताया कि घटना दिनांक को रात करीब 11.30 बजे उसके घर पर मेहमान आया था। तब मो. जाहिद शाह घर में घुसा एवं महिला से गालीगलौज कर मारपीट की। जाहिद शाह ने साथियों अनम शाह पिता मजीद शाह उम्र 22 साल निवासी राजेन्द वार्ड सोहागपुर, मो. अरसद खान पिता मो. इरशाद खान निवासी मातापुरा स्कूल के पास सोहागपुर एवं शादाब अली पिता सरदार अली उम्र 22 साल निवासी किलापुरा वार्ड सोहागपुर को बुलाया। उन्होंने भी महिला से गाली गलौच की एवं बोले कि रिपोर्ट किया तो जान से मार देंगे। प्रकरण में धारा 296 (ब), 115(2), 351(3), 331(6), 3(5) बीएनएस 3(1)द, 3 (1)ध, 3(2) व्हीए एससी/एसटी एक्ट का इजाफा कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया

नर्मदापुरम। शिक्षक दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला एसपीएम पहुंचकर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। उन्होंने शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के जीवन को संवारने में गुरुजनों का विशेष स्थान होता है। शिक्षक केवल बच्चों को पाठ्यक्रम का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व और भविष्य का निर्माण भी करते हैं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने शिक्षकों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि जिस प्रकार मिट्टी से घड़े अथवा मूर्ति बनाने वाला शिल्पकार मिट्टी के ढेर को तराशकर उसमें से सभी ऐब निकालता है और उसे एक सुंदर आकार प्रदान करता है, उसी प्रकार बच्चे भी शिक्षकों के पास एक अनगढ़ रूप में आते हैं। उन्हें तराशकर ज्ञान, संस्कार और योग्यताओं से परिपूर्ण बनाना शिक्षकों का महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने कहा कि बच्चों को समाज और दुनिया के लिए तैयार करना शिक्षकों की बड़ी जिम्मेदारी है। शिक्षक ऐसा प्रयास करें कि जब विद्यार्थी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन में सफलता हासिल करें, तो वे अपने गुरुजनों को कृतज्ञता के साथ याद करें। यही एक शिक्षक के लिए सबसे बड़ी गुरु दक्षिणा है और यही उसकी शिक्षक के रूप में भूमिका की वास्तविक सार्थकता है।

जिला चिकित्सालय में आवश्यक दवाएं एवं चिकित्सा सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में मरीजों के उपचार हेतु आवश्यक दवाएं एवं चिकित्सा सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। अस्पताल में दवाओं की कोई सामान्य कमी नहीं है तथा मरीजों को आवश्यकतानुसार दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

सिविल सर्जन जिला अस्पताल डॉ सुनीता कामले ने बताया कि दवाओं की आवश्यकता के अनुसार समय-समय पर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से मांग प्रेषित की जाती है। प्राप्त दवाओं की आपूर्ति एवं स्टॉक का नियमित संधारण किया जाता है। आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय स्तर पर लोकल परचेज के माध्यम से तथा अन्य शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं से दवाओं की व्यवस्था कर मरीजों के उपचार के लिए दवाओं की उपलब्धता



सुनिश्चित की जाती है। वर्तमान में भी आवश्यकता के अनुसार मेडिकल कॉलेज सिवनी से दवाएं मंगाकर उपलब्धता सुनिश्चित करने की प्रक्रिया जारी है। विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया है कि एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता निरंतर सुनिश्चित की गई है। आज दिनांक तक उपलब्ध स्टॉक के अनुसार रिंगर लैक्टेट 3696, इंजेक्शन मेरोपेनेम 400, इंजेक्शन डाइक्लोफेनाक 400, गॉज 100 आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

जन्माष्टमी पर जमकर बरसा पानी, नगर में दो दिन में हुई 17.2 मिली मीटर बारिश दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में शनिवार को बारिश का दौर जारी रहा। शहर में रुक-रुक कर रिमझिम बारिश होती रही। विदित हो कि मौसम विभाग द्वारा 5 सितंबर तक जिले के कई क्षेत्रों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया था। हालाकि शाम को बारिश थमीं और बादल छटे। जिले में अब तक 724.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1223.4 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन नर्मदापुरम ने बताया है कि 04 सितम्बर से 05 सितम्बर 2026 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 17.2 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 11.0 मिलीमीटर, इटारसी 22.2 मिलीमीटर, माखननगर में 10.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 8.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 12.4 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 9.8 मिलीमीटर, पचमढी में 16.0 एवं तहसील डोलरिया 10.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन नर्मदापुरम ने बताया कि वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 942.20 फीट है, तवा जलाशय का 1155.60 फीट है, बरगी जलाशय का 422.05 मीटर एवं बारना जलाशय 346.91 मीटर दर्ज किया गया है।

अभी 11 फीट कम है तवा डेम

इस सीजन में कम बारिश के चलते अभी तवा जलाश का जलस्तर 11 फीट कम है उल्लेखनीय है तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

128वें डोल ग्यारस पर्व के लिए समिति की बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

एक सदी से अधिक समय से सोहागपुर में श्री गणेशोत्सव दौरान डोल ग्यारस समिति धार्मिक आयोजन करती आ रही है। वर्तमान वर्ष के आयोजन को लेकर आज डोल ग्यारस समिति की बैठक महाकाली मंदिर में की जाएगी। उक्त बैठक में आगामी आयोजनों पर चर्चा होगी।

सोहागपुर डोल ग्यारस समिति अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने बताया कि सोहागपुर में डोल ग्यारस पर्व मनाने की परंपरा 125 वर्ष से अधिक पुरानी है। जिसमें प्रति वर्ष रानी लक्ष्मी बाई मंच पर भजन प्रतियोगिता अनिवार्य रूप से की जाती है। वहीं अलग अलग धार्मिक कार्यक्रम भी डोल ग्यारस पर समिति के बैनर तले किए जाते हैं। इन आयोजनों को लेकर एक बैठक आज की जाएगी। जिसमें कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा होगी।

चौधरी राजेंद्र सिंह ने बताया कि बैठक रविवार छह सितंबर 2026 को शाम चार बजे स्थानीय काली मंदिर में होगी। समिति के वरिष्ठ सदस्य चौधरी राकेश सिंह एवं चौधरी गजेंद्र सिंह ने बताया कि डोल ग्यारस पर्व के 128 वें वार्षिक आयोजन की तैयारी की बैठक में गणमान्य नागरिक, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, व्यापारी बंधु, क्षेत्रीय मंदिरों के महंत एवं संचालकों सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

कृष्ण जन्माष्टमी पर ग्वालटोली काली मंदिर से निकली भव्य शोभा यात्रा, डीजे बाजे की धुन पर थिरके ग्वाल बाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम।श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान शहर भर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में ग्वालटोली के काली मंदिर से शनिवार दोपहर को को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में डीजे बाजे पर ग्वाल-बाल जमकर थिरके । वहीं भगवान श्री कृष्ण की मनमोहक झांकी भी सजाई गई। शोभायात्रा में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी सहित ग्वाल समाज के लोग और आमजन मौजूद थे। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित झांकियां, चल समारोह मैं शामिल हुए। शोभायात्रा लश्कर



चौक होते हुए हरदा रोड सिवनी नाका, किरण होटल से होते हुए वापस मंदिर पहुंची। इस दौरान शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ और अखाड़े के करतब दिखाए गए । वहीं लोगों ने भगवान कृष्ण की बाल रुप झांकी का स्वागत किया ग। धर्म प्रेमियों ने स्टाल लगाकर प्रसाद वितरण किया।

जन्माष्टमी पर आंगनबाड़ी केंद्रों में बंटी 'पोषण प्रसादी'

कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष पोषण आहार वितरण किया गया। सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0' योजना के तहत आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई ।जन्माष्टमी के पावन अवसर पर हितग्राहियों को विशेष ₹पोषण प्रसादी₹ वितरित की जाएगी। सितंबर माह के पहले सप्ताह में पोषण आहार के निर्धारित दिनों में बदलाव किया गया है। मंगलवार के स्थान पर शुक्रवार को स्व-सहायता समूहों के माध्यम से 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को खीर, पूरी एवं सब्जी प्रदाय की जाएगी।

राधा कृष्ण मंदिर पहुंचे कलेक्टर श्री मिश्रा

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सेठानी घाट स्थित प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर विधिवत पूजन-अर्चन किया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने नर्मदापुरम के सेठानी घाट स्थित प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए तथा विधिवत पूजन-अर्चन कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं से भी आत्मीय संवाद किया। इस दौरान जिले में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने शुक्रवार को विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर मंदिरों में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कार्यशाला में अधिकारियों ने बताई परियोजनावार कार्ययोजना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार शनिवार को कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में कुपोषण उन्मुखीकरण हेतु कार्ययोजना निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत जिले की सभी परियोजनाओं के परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों ने सहभागिता की। कार्यशाला में सभी परियोजनाओं द्वारा कुपोषण निवारण के लिए तैयार की गई परियोजनावार कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में कुपोषण की स्थिति, चिन्हित बच्चों एवं उनके पोषण स्तर में सुधार के लिए प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी दी गई।

शिक्षक दिवस पर जीनियस प्लानेट स्कूल में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जीनियस प्लानेट स्कूल, न्यास बायपास रोड, सोनासावरी में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की सहभागिता से भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने कक्षावार विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संचालक द्वय जाफर सिद्दीकी एवं मनीता सिद्दीकी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ ही विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस की भावना को समर्पित अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरुजनों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं प्रेम की



अभिव्यक्ति की।

कार्यक्रम में विद्यालय के चारों हाउस गोल्डन हाउस, सिल्वर हाउस, डायमंड हाउस एवं प्लेटिनम हाउस के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी उत्साहपूर्वक अपनी विशेष प्रस्तुतियां दीं। शिक्षकों की प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों में विशेष उत्साह और आनंद का वातावरण निर्मित किया तथा कार्यक्रम को यादगार बना दिया। नन्हे विद्यार्थियों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों तक सभी ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों, गीत-संगीत एवं नृत्य से विद्यालय परिसर में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहा। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश भी दिया कि शिक्षक केवल शिक्षा प्रदान करने वाले नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देने वाले मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत होते हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यालय में उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

स्कार भारती ने श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जन्माष्टमी पर्व

नर्मदापुरम। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी संस्कार भारती नर्मदापुरम द्वारा श्रद्धा, उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा धारण कर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा वातावरण कृष्णमय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुआ। इसके पश्चात भजन-कीर्तन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप, उनकी बाल लीलाओं एवं जीवन प्रसंगों पर आधारित विभिन्न प्रस्तुतियां देकर उपस्थितजनों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में स्वर्णिका मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष हर्ष तिवारी ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं संस्कारों से जोड़ना तथा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन से प्रेरणा लेकर उनमें नैतिक मूल्यों का विकास करना है।

शिक्षक दिवस के अवसर पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

मुस्कान बालिका गृह में डॉ. उर्मिला तोमर का सम्मान बेटियों को बताए आत्मनिर्भर जीवन के उपयोगी सूत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शिक्षक दिवस के अवसर पर वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं समाजसेवी डॉ. उर्मिला तोमर का मुस्कान बालिका गृह में सम्मान किया गया। संस्था पहुंचने पर डॉ. तोमर ने बालिका गृह में निवासरत बेटियों से आत्मीय मुलाकात की और उन्हें शिक्षा, अनुशासन, आत्मविश्वास तथा सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

डॉ. तोमर ने बालिकाओं से संवाद करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियां मनुष्य को कमजोर करने के बजाय मजबूत बनने का अवसर देती हैं। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा के साथ किसी न किसी कौशल को सीखना



आवश्यक है। आत्मविश्वास, मेहनत और निरंतर प्रयास से प्रत्येक बालिका सम्मानजनक एवं आत्मनिर्भर जीवन बना सकती है।

उन्होंने बालिकाओं को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करने, समय का सदुपयोग करने, अच्छी संगति अपनाने और विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने की सीख दी। बालिकाओं ने भी डॉ. तोमर से अपनी शिक्षा, भविष्य और कौशल विकास से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सरल एवं प्रेरणादायी तरीके से उत्तर दिया।

चार दशकों तक शिक्षा के क्षेत्र में दी सेवाएं

मुस्कान संस्था के संचालक मनीष ठाकुर ने डॉ. उर्मिला तोमर का परिचय देते हुए बताया कि वे करीब चार दशकों तक शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय रही हैं। उन्होंने पीजीटी शिक्षक, प्राचार्य, सहायक संचालक, उपसंचालक शिक्षा एवं डाइट प्राचार्य जैसे महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दी हैं। अपने सेवाकाल में उन्होंने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, अनुशासन, शैक्षणिक नवाचार और छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए। उपसंचालक शिक्षा के पद पर रहते हुए किए गए नवाचारों के परिणामस्वरूप नीमच जिले ने बोर्ड परीक्षाओं में प्रदेश स्तर पर श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया।

खबर संक्षेप

टीईटी की अनिवार्यता खत्म कराने शिक्षक आज विधायक को सौंपेंगे ज्ञापन

बैतूल। टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला बैतूल द्वारा 6 सितंबर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मोर्चा ने जिलेभर के शिक्षकों से बड़ी संख्या में बैतूल पहुंचने का आह्वान किया है। संगठन का दावा है कि इस कार्यक्रम में कम से कम 4 हजार शिक्षकों की उपस्थिति का लक्ष्य रखा गया है। मोर्चा के जिला संयोजक विनय सिंह राठौड़ ने बताया कि 6 सितंबर को सुबह 10 बजे लश्करे हॉस्पिटल के बाजू में बैतूल गंज स्थित विधायक हेमंत खंडेलवाल के निवास पर शिक्षक एकत्र होंगे। यहां विधायक एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री के नाम पत्र लेने का आग्रह किया जाएगा। 5 सितंबर को विधायक की व्यस्तता के कारण ज्ञापन नहीं सौंपा जा सका था। ज्ञापन के माध्यम से मध्यप्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर तमिलनाडु की तर्ज पर टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने संबंधी विधेयक पारित कराने की मांग की जाएगी। इसके बाद केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजकर लोकसभा में अध्यादेश लाने का अनुरोध करने की मांग रखी जाएगी। मोर्चा के अनुसार इसी मांग को लेकर प्रदेश के अन्य जिलों और ब्लॉकों में भी विधायक, मंत्री एवं सांसदों को ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं।

आधार अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट अभियान में बैतूल शीर्ष पांच जिलों में

बैतूल। विद्यार्थियों के आधार कार्ड के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट अभियान में बैतूल जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अगस्त 2026 में संचालित विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार अभियान में बैतूल प्रदेश के शीर्ष पांच प्रदर्शन करने वाले जिलों में शामिल रहा है। जिले ने अभियान के तहत 10.9 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मध्यप्रदेश निदेशक सुमित मिश्रा, आईटीएस ने इस उपलब्धि पर कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे को पत्र भेजकर जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की है। उन्होंने बैतूल जिले की पूरी टीम, विशेष रूप से स्कूल शिक्षा विभाग और जिला ई गवर्नेंस के प्रयासों को प्रशंसनीय बताया है। श्री मिश्रा ने अपने पत्र में कहा है कि अगस्त माह के दौरान अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट अभियान में बैतूल का शीर्ष पांच जिलों में स्थान बनाना जिला टीम के समन्वित और प्रभावी प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कलेक्टर डॉ. सोनवणे के नेतृत्व में बैतूल जिला अभियान के आगामी दिनों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखेगा।

भौंरा में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी, मंदिरों में गूंजे भक्ति के स्वर



भौंरा। नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धार्मिक उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। नगर के विभिन्न मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण का पालना सजाया गया और विशेष पटेल कॉलोनी स्थित रिद्धि सिद्धि गणेश मंदिर में मटकी फोड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे पूजा-अर्चना की गई। मेन रोड स्थित राधाकृष्ण मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया। राधाकृष्ण मंदिर में रात 8 बजे से 12 बजे तक विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ। श्री मां वैष्णो भजन मंडल, सिंगोड़ी द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। सुप्रसिद्ध गायक कलाकार मोहब्बत सिंह पटेल ने कृष्ण भक्ति से जुड़े भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर किया। और आयोजन स्थल पर उत्सवी माहौल रहा। बीजदेही रोड माता मोहल्ला स्थित शिव मंदिर में भी जन्माष्टमी के अवसर पर भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। रात 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के अवसर पर आरती कर जन्मोत्सव मनाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत अधोसंरचना विकास एवं उन्नयन कार्यों का शुभारंभ

सरकार और समाज की सहभागिता से शासकीय स्कूल बनेंगे सर्वसुविधायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



शिक्षक दिवस के अवसर पर जिले के 227 शासकीय स्कूलों में अधोसंरचना विकास एवं उन्नयन कार्यों का शुभारंभ किया गया। शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत शुरू किए जा रहे इन कार्यों में सरकार के साथ समाज, जनप्रतिनिधियों, सहयोगी संस्थाओं, पालकों एवं शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। अभियान का उद्देश्य शासकीय स्कूलों की अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के साथ उन्हें आकर्षक, सुरक्षित एवं विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करना है।

बैतूल विकासखंड में शिक्षा संजीवनी अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके एवं प्रदेश अध्यक्ष भाजपा एवं बैतूल विधायक हेमन्त खंडेलवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य सुधाकर पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अभियान के तहत विधायक हेमन्त खंडेलवाल ने एकीकृत माध्यमिक शाला बडोरा, माध्यमिक शाला कोसमी, माध्यमिक शाला जामठी एवं खेड़ी सांवलीगढ़ में अधोसंरचना विकास एवं उन्नयन कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मां सरस्वती एवं भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। साथ ही शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

227 स्कूलों में शुरू हुए विकास कार्य

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने कहा कि जिले के लगभग 227 शासकीय स्कूलों में शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत समाज को जोड़कर अधोसंरचना विकास एवं उन्नयन कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों के विकास के साथ शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए समाज की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षक दिवस के अवसर पर शुरू की गई इस पहल की शुरुआत शिक्षकों के सम्मान के साथ की जा रही है। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से समयसीमा में शासकीय स्कूलों में आवश्यक सुविधाओं का विस्तार कर विद्यार्थियों के लिए बेहतर एवं अनुकूल शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जाएगा।

स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की अभिनव पहलः केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासकीय स्कूलों में बुनियादी शिक्षा एवं सुविधाओं को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में विधायक हेमन्त खंडेलवाल द्वारा शिक्षा संजीवनी अभियान के रूप में अभिनव पहल की गई है।

सरकार के साथ समाज की सहभागिता से बदलेंगे स्कूलों के स्वरूप

विधायक हेमन्त खंडेलवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता देते हुए निरंतर नए आयाम स्थापित कर रही है। हमारा प्रयास है कि अधोसंरचना विकास के साथ समाज को भी शिक्षा के मंदिरों से जोड़ा जाए और शासकीय स्कूलों को आकर्षक एवं सुंदर स्वरूप दिया जाए। यही स्कूल 2047 के विकसित भारत का नेतृत्व करने वाली युवा शक्ति के निर्माण का आधार बनेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व में शिक्षा व्यवस्था में समाज का सीधा जुड़ाव रहता था। समय के साथ यह जुड़ाव कम हुआ और स्कूल समाज की सीधी निगरानी से दूर होते गए। शिक्षा संजीवनी अभियान के माध्यम से सरकार और समाज की सहभागिता को फिर से मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। जनसहभागिता से स्कूलों की कमियों को दूर करने, व्यवस्थाओं की निगरानी करने और आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

युवा शक्ति के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका

युवा शक्ति के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। समाज, पालक, सेवानिवृत्त शिक्षक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन एवं अन्य सहयोगी शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत स्कूलों की आवश्यकताओं के अनुरूप निर्माण कार्य, डेस्क-बेंच, डिजिटल कक्षाएं, बाउंड्रीवाल सहित अन्य अधोसंरचना विकास कार्यों में आगे आकर योगदान दें। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से किए गए कार्यों से न केवल सहयोगकर्ताओं का स्कूलों से जुड़ाव बढ़ेगा, बल्कि स्कूलों की व्यवस्थाओं और विकास कार्यों के प्रति समाज की जिम्मेदारी एवं निगरानी भी मजबूत होगी।

नपा अध्यक्ष ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

संजीवनी क्लीनिक शीघ्र शुरू कराने और अस्पताल की व्यवस्थाएं सुधारने मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला



नगर पालिका परिषद आमला के अध्यक्ष नितिन गाडरे ने आमला क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बैतूल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगर में संचालित/प्रस्तावित संजीवनी क्लीनिक को शीघ्र प्रारंभ करने, अस्पताल की चिकित्सा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुचारु करने तथा अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि आमला नगर की जनता को बेहतर एवं सुगम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य केंद्र एवं अस्पताल की व्यवस्थाओं का नियमित एवं सुचारु रूप से संचालन आवश्यक है। नगर में संचालित/प्रस्तावित संजीवनी क्लीनिक का शीघ्र शुभारंभ कर आम नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। नगर पालिका अध्यक्ष ने अस्पताल में चिकित्सकों एवं चिकित्सा स्टाफ की उपलब्धता, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता तथा जांच सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं को व्यवस्थित किए जाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि मरीजों को इलाज के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा उन्हें समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें, इसके लिए अस्पताल प्रबंधन को प्रभावी ढंग से कार्य करना चाहिए। ज्ञापन में अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है। परिसर, वार्ड, शौचालय, प्रतीक्षालय एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित सफाई कराई जाए तथा कचरा निस्तारण की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अस्पताल परिसर में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखना मरीजों और उनके परिजनों के हित में अत्यंत आवश्यक बताया गया है। नितिन गाडरे ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से अनुरोध किया कि ज्ञापन में उल्लेखित सभी बिंदुओं पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करते हुए संजीवनी क्लीनिक को प्रारंभ कराया जाए तथा अस्पताल की चिकित्सा, प्रशासनिक एवं साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार सुनिश्चित किया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं आमला की जनता की मूलभूत आवश्यकता हैं और संबंधित विभाग द्वारा इस दिशा में तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए।

मैच्योरिटी के बाद भी राशि मिलने में देरी

पोस्ट ऑफिस के आरडी खाताधारियों की मुश्किलें बढ़ी

जिम्मेदारों की लापरवाही से खातेदारियों का भरोसा घटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला

बीते कुछ दिनों से आमला पोस्ट ऑफिस में यहां तमाम खाताधारियों को केवाईसी के फेर के नाम पर मैच्योरिटी के बाद भी अपनी राशि लेने के लिए पोस्ट ऑफिस के चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसमें भी खास तौर पर ऐसे खाताधारी जो पोस्ट ऑफिस में प्रतिदिन एजेंटों के माध्यम से आरडी और एफडी के अपने खाते संचालित कर रहे हैं, ऐसे खाताधारियों को समयावधि के बाद भी राशि नहीं मिल पा रही है, अब इसके पीछे जिम्मेदारों के चाहे जो तर्क हो, किंतु पोस्ट ऑफिस में खाताधारियो के विश्वास में अब कमी जरूर देखी जा रही है। इस मौके पर ऐसे तमाम खाताधारी जिनको समय पर अपनी मैच्योरिटी की राशि नहीं मिल पा रही है, इन लोगों ने अपनी नाराजी जताते हुए स्थानीय पोस्ट मास्टर को अपनी शिकायत भी दर्ज की है।

माथे पर शिकन

जैसा कि हमारे पास जानकारी है कि सरकार के पोस्ट ऑफिस जैसे महत्वपूर्ण संस्थान और यहां चलने वाली तमाम बचत योजनाओं पर लोग आंखें बंद करके भरोसा करते हैं, किंतु बीते कुछ दिनों से जैसा कि कुछ खाताधारियों ने हमें बताया है कि, उनके द्वारा बीते कई वर्षों से पोस्ट ऑफिस में आर.डी.और एफडी के माध्यम से अपना पैसा यहां जमा कराया जा रहा था,किंतु स्कीम के पूरा होने के बाद भी उनको राशि नहीं मिल पा रही है। ऐसे ही एक खातेदार माया पवार का कहना है कि इनके द्वारा बीते कई वर्षों से यहां योजना में अपनी राशि जमा की जा रही थी, किंतु जैसे ही मैच्योरिटी का समय आया तो पोस्ट ऑफिस में केवाईसी जैसे मामूली बहाने और राशि मिलने में समय लगेगा, जैसी बात की जा रही है। ऐसे ही एक और खाताधारी विमल सोनपुरे ने हमें बताया है कि उनके द्वारा पोस्ट ऑफिस में सभी दस्तावेज जमा किए गए थे, किंतु जब पैसा देने का समय आया तो पोस्ट ऑफिस एक माह बाद आने को बोल रहा है।

इनका कहना है...

अभी कहीं-कहीं केवाईसी संबंधी मामलों को लेकर दिक्कतें आ रही है। हमारे द्वारा ऐसे मामलों को भोपाल ऑफिस भेजा जाता है, जहां से क्लियर होने पर ही भुगतान किया जाता है जिसमें समय लग रहा है।

- **पंकज जैसवाल** पोस्ट मास्टर, पोस्ट ऑफिस आमला

अभी कुछ मामलों में शिकायत आ रही हैं। हम तत्परता से कार्यवाही कर रहे हैं। इस बारे में आमला पोस्ट ऑफिस के संपर्क में भी हैं।

- **केके अग्रवाल** क्लर्क मुख्य डाकघर छिंदवाड़ा

ऐसी कोई समस्या तो नहीं होना चाहिए अगर किसी की मैच्योरिटी हो रही है तो तत्काल भुगतान की सुविधा है, फिर भी कहीं अगर ऐसा कुछ है तो इस मामले को मैं देखूंगा।

- **जेके कावड़े** उच्च. पोस्टमास्टर, पोस्ट ऑफिस छिंदवाड़ा

कृष्ण जन्माष्टमी पर यादव गौली समाज ने निकाली शोभायात्रा



भौंरा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शनिवार को यादव गौली समाज सेवा समिति बैतूल एवं नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा एवं वाहन रैली निकाली गई। धार्मिक उत्साह और सामाजिक एकजुटता के बीच निकली यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। नर्मदापुरम जिले के ग्राम भडवादा और बैतूल जिले के अनकावाड़ी से सुबह अलग-अलग शोभायात्राएं प्रारंभ हुईं, जो भौंरा पहुंचकर एकजुट हुईं। भौंरा में दोनों यात्राओं के पहुंचने पर नगरवासियों और समाजजनों ने उत्साह के साथ स्वागत किया। इस दौरान अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य मंगल सिंह धुर्वे ने क्रेन पर खड़े होकर शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पुष्पवर्षा और जयकारों के बीच नगर का माहौल कृष्णमय हो गया। समाजजनों ने भी यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया। शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र भगवान श्रीकृष्ण का भव्य रथ रहा। रथ को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और उसमें भगवान श्रीकृष्ण का सुंदर छायाचित्र विराजमान किया गया था। रथ के साथ डीजे की धुन पर श्रद्धालु धार्मिक गीतों और भजनों के बीच आगे बढ़ते रहे। यात्रा में बड़ी संख्या में दोपहिया और चारपहिया वाहन शामिल रहे।

ब्रह्माकुमारीज भौरा सेवा केंद्र पर मनाई जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरा



ब्रह्माकुमारीज भौरा सेवा केंद्र पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेवा केंद्र को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की सुंदर झांकी सजाई गई।

कार्यक्रम में बीके अरुणा दीदी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के आध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व ही नहीं, बल्कि पवित्रता, प्रेम, शांति, दिव्यता और श्रेष्ठ संस्कारों के प्रतीक हैं। उन्होंने समझाया कि जन्माष्टमी हमें अपने जीवन में दैवी गुणों को धारण करने तथा मन को विकारों से मुक्त कर सच्ची पवित्रता अपनाने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम के दौरान राजयोग मेडिटेशन एवं आध्यात्मिक चिंतन भी कराया गया। इस अवसर पर समस्त बीके भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और श्रीकृष्ण के दिव्य चरित्र से प्रेरणा लेते हुए जीवन में श्रेष्ठ संस्कारों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का वातावरण भक्ति, उमंग और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर रहा।

शिक्षा संजीवनी अभियानः झीटापाटी प्राथमिक शाला को आदर्श शाला के रूप में विकसित किया जाएगाः पंडाग्रे

शाला की मरम्मत एवं शैक्षणिक सामग्री की पूर्ति का लिया संकल्प



बैतूल। शिक्षा संजीवनी अभियान सुदृढ़ स्कूल, सक्षम भविष्य, सशक्त बैतूल के शुभारंभ कार्यक्रम में आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे सम्मिलित हुए। शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर विधायक डॉ. पंडाग्रे ने विधानसभा क्षेत्र आमला की प्राथमिक शाला झीटापाटी के उन्नयन एवं विकास में सहयोग का संकल्प लिया। उन्होंने शाला पहुंचकर विद्यालय की वर्तमान स्थिति, समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने शाला की आवश्यक मरम्मत कराने के साथ ही विद्यार्थियों के लिए आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने में अपनी ओर से सहयोग का संकल्प व्यक्त किया। विधायक डॉ. पंडाग्रे ने कहा कि शिक्षा संजीवनी अभियान के माध्यम से शासकीय विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। उनका प्रयास है कि प्राथमिक शाला झीटापाटी को एक आदर्श शाला के रूप में विकसित किया जाए, ताकि यहां अध्ययनरत जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं मिल सकें तथा वे बदलते शैक्षिक परिवेश के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सशक्त भविष्य की नींव है। ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सामूहिक जिम्मेदारी है। शिक्षा संजीवनी अभियान इसी भावना को जनभागीदारी से आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के अवसर पर विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे के साथ नरेंद्र गड़ेकर, सतीश हाडोड़े, दिलीप माथनकर, जौहरी वाडिवा, शेखर पंडाग्रे सहित प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बिजली समस्या निवारण शिविर में शिकायतों का किया तत्काल निराकरण



बैतूल। ग्रामीणों की विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए शनिवार को मैंसदेही ब्लॉक के ग्राम गारपठार में विद्युत समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को मौके पर सुना गया और कई शिकायतों का तत्काल निराकरण करते हुए विद्युत सेवाएं बहाल की गईं। शिविर में नए विद्युत कनेक्शन से लेकर खराब मीटर और बंद विद्युत सप्लाई जैसी समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर में नए विद्युत कनेक्शन के लिए 9 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर मौके पर ही कार्रवाई करते हुए कनेक्शन उपलब्ध कराए गए। वहीं गांव में खराब पड़े 5 विद्युत मीटरों को तत्काल मौके पर बदल दिया गया। इसके अलावा 4 उपभोक्ताओं की विद्युत सप्लाई बंद थी, जिसे आवश्यक कार्रवाई के बाद सुचारू रूप से चालू कर दिया गया। इससे संबंधित उपभोक्ताओं को तत्काल राहत मिली। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने गांव में खुले एवं ओपन तारों की समस्या भी सामने रखी। खुले तारों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों की मांग पर खुले तारों को बदलने के लिए आवेदन प्राप्त किया गया है। विद्युत विभाग द्वारा इसका प्राक्कलन तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय को भेजा गया है, ताकि आवश्यक स्वीकृति मिलने के बाद खुले तारों को बदलने की कार्रवाई की जा सके। विद्युत समस्या निवारण शिविर में प्रबंधक जलज वाईकर, कार्यालय सहायक जब्बर, मिथलेश राहंगडाले सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

पीढ़ियों से चले आ रहे हुनर को जीवित रखे हैं झगेकर परिवार

मशीनों के दौर में हाथों से गढ़ी जा रही विरासत, गौला की ढोलक की गूंज भी कायम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

आधुनिक मशीनों और बदलती जीवनशैली के दौर में पूर्वजों से विरासत में मिले अनेक पारंपरिक ग्रामीण लघु उद्योग धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहे हैं। कभी गांवों की अर्थव्यवस्था और रोजगार का महत्वपूर्ण आधार रहे ये हुनर अब गिने-चुने परिवारों तक सिमटकर रह गए हैं। ऐसे समय में मुलताई तहसील के ग्राम गौला का झगेकर परिवार पीढियां पुरानी पारंपरिक कला को आज भी अपने हाथों की मेहनत से जीवित रखे हुए हैं। झगेकर परिवार के सदस्य मशीनों से तैयार होने वाली वस्तुओं के दौर में भी हाथों से ढोलक बनाने का काम कर रहे हैं। परिवार के लोग बीजे और सीवन जैसी लकिड़यों को आकार देकर पारंपरिक तरीके से सुंदर और मजबूत ढोलक तैयार करते हैं। यही कारण है कि गौला में बनाई जाने वाली ढोलकों की पहचान आसपास के क्षेत्रों के साथ-साथ दूर-दराज तक बनी हुई है। ढोलक के जानकारों का कहना है कि बाजार में मशीनों से तैयार होने वाली ढोलकों की तुलना में हाथ से बनाई गई ढोलक की बनावट, मजबूती और आवाज में अलग ही विशेषता होती है।

तीन भाइयों के परिवार आज भी जुटे हैं पारंपरिक काम में

गौला गांव का झगेकर परिवार लंबे समय से ढोलक बनाने के पारंपरिक व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। परिवार के तीन भाइयों के परिवार आज भी इस काम को आगे बढ़ा रहे हैं। बुजुर्गों से मिले हुनर को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ-साथ परिवार के सदस्य स्वयं हाथों से ढोलक तैयार करते हैं। ढोलक बनाने की पूरी प्रक्रिया में काफी मेहनत और समय लगता है। लकड़ी का चयन करने से लेकर उसे उचित आकार देने, अंदर से खोखला करने, घिसाई करने और बाद में ढोलक को अंतिम रूप देने तक कई चरणों से गुजरना पड़ता है। मशीनों के बढ़ते इस्तेमाल के बावजूद परिवार ने पारंपरिक तरीके को नहीं छोड़ा है। परिवार के सदस्यों के अनुसार हाथ से बनाई गई ढोलक की खासियत केवल इसकी सुंदर बनावट नहीं, बल्कि इसकी आवाज भी है। यही वजह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भजन-कीर्तन, धार्मिक आयोजनों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य अवसरों के लिए ढोलक खरीदने वाले लोग गौला तक पहुंचते हैं।

बीजे की लकड़ी की ढोलक की आवाज मानी जाती है खासः मुलताई निवासी रामदास देशमुख ने बताया कि उन्हें एक अच्छी गुणवत्ता वाली ढोलक खरीदनी थी। इसी दौरान उनके एक परिचित ने उन्हें जानकारी दी कि मुलताई क्षेत्र के गौला गांव में



पारंपरिक तरीके से अच्छी गुणवत्ता की ढोलक बनाई जाती है। इसके बाद वे गौला पहुंचे, जहां उन्होंने अलग-अलग आकार और गुणवत्ता की कई ढोलकें देखीं। रामदास देशमुख के अनुसार वहां तैयार ढोलकों की बनावट और गुणवत्ता उन्हें काफी बेहतर लगी। विशेष रूप से उनकी आवाज में अलग तरह की मधुरता और दमदारपन महसूस हुआ। इसी कारण उन्होंने बाजार के बजाय गौला से ही ढोलक खरीदने का निर्णय लिया।झगेकर परिवार के सदस्यों ने बताया कि ढोलक बनाने के लिए अलग-अलग प्रकार कीर लकड़ियों का इस्तेमाल किया जाता है। इनमें बीजे की लकड़ी से तैयार ढोलक को विशेष रूप से बेहतर माना जाता है। बीजे की लकड़ी से बनी ढोलक की आवाज मधुर होने के साथ-साथ दमदार भी होती है। हालांकि इस प्रकार की लकड़ी की कीमत अधिक होने के कारण इससे तैयार ढोलक भी अपेक्षाकृत महंगी होती है। वहीं, कम कीमत में ढोलक चाहने वाले ग्राहकों के लिए सीवन की लकड़ी का उपयोग किया जाता है। इससे भी अच्छी गुणवत्ता की ढोलक तैयार की जाती है और आम लोगों की जरूरत एवं बजट के अनुसार अलग-अलग कीमतों में ढोलक उपलब्ध हो जाती है।

बढ़ती लागत से व्यवसाय पर पड़ रहा असर

झगेकर परिवार के सदस्यों का कहना है कि वर्तमान समय में ढोलक बनाने में उपयोग होने वाली लकड़ी के साथ-साथ स्याही, चमड़ा और अन्य आवश्यक सामग्री के दाम भी लगातार बढ़ रहे हैं। इसका सीधा असर इस पारंपरिक व्यवसाय पर पड़ा है। ढोलक बनाने में मेहनत और समय दोनों अधिक लगते हैं। इसके बावजूद कच्चे माल की बढ़ती कीमतों और बाजार में मशीनों से तैयार होने वाली वस्तुओं की उपलब्धता के कारण पारंपरिक कारीगरों के सामने चुनौतियां बढ़ गई हैं। परिवार का कहना है कि पहले की तुलना में इस काम से होने वाली आमदनी प्रभावित हुई है, लेकिन पूर्वजों से मिली कला को समाप्त होने से बचाने के लिए वे आज भी इस काम से जुड़े हुए हैं।

खबर संक्षेप

चर्च मैदान पर 6 सितंबर से राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

सीहोर। मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में खिलाड़ियों को मंच देने के लिए आगामी 6 सितंबर से शहर के चर्च मैदान पर आवासीय स्कूल परिसर के मैदान पर राज्य स्तरीय अंडर-14 सब जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों की करीब 16 टीमों को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया सहित अन्य ने समितियों का गठन किया है। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि 6 सितंबर से आरंभ होने वाली इस प्रतियोगिता का शुभांरभ सीहोर-नर्मदापुरम और भोपाल-ग्वालियर के मध्य खेला जाएगा। प्रतियोगिता में 16 टीमों को शामिल किया गया है। करीब 300 खिलाड़ियों के ठहरने आदि की व्यवस्था के साथ अन्य व्यवस्था के लिए समिति का गठन किया जा रहा है। वहीं चर्च मैदान पर शाम को बेबीलीग प्रतियोगिता का एक मैच खेला गया। इसमें जूनियर बाइज सीहोर ने अंबेडकर क्लब को 3-2 से हराया। इस मैच में सीहोर जूनियर बाइज की टीम की ओर से अराफात ने 3 गोल किए। वहीं अंबेडकर क्लब की ओर से अग्रिम ने 2 गोल किए।

प्रशासन ने दिया शीघ्र ही सड़क सुधार का आश्वासन, तब माने भाजपाई

सोहागपुर में खस्ताहाल स्टेट हाईवे को लेकर भाजपा का धरना, लगा लंबा जाम

सोहागपुर में चार वर्षों से स्टेट हाईवे पर जलभराव समस्या से नागरिक परेशान हैं। शनिवार शाम मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज के नेतृत्व में भाजपाई गड्ढों वाली सड़क पर बैठ गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



शहर में सीएम राइज स्कूल के निर्माणाधीन भवन के सामने चार वर्षों से स्टेट हाईवे पर जलभराव समस्या है। समाधान के सभी प्रयास जब निष्फल हुए, तो शनिवार शाम भाजपा सोहागपुर मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज के नेतृत्व में भाजपाई गड्ढों वाली सड़क पर बैठ गए। प्रशासन द्वारा शीघ्र समाधान के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया।

भाजपा सोहागपुर मंडल प्रतिनिधि विजय छाबड़िया एवं भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल ने बताया कि बेकार सड़क और जल निकासी की समस्या को लेकर नागरिक लंबे समय से परेशान हैं। सुधार के लिए विधायक विजयपाल सिंह ने मप्र सड़क विकास निगम अधिकारियों को बार-बार कहा कि सुधार करें। लेकिन सुधार नहीं हुआ तो भाजपाईयों का गुस्सा शनिवार को फूटा एवं सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज के नेतृत्व में पार्टी के वरिष्ठ व युवा नेता शाम चार बजे स्टेट हाईवे पर कीचड़ के बीच जाकर बैठ गए। लगभग 40 मिनट तक स्टेट हाईवे पर लंबा जाम लग रहा। प्रदर्शन की सूचना पर एसडीम डॉ. बबीता राठौर, सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, टीआई गिरीश त्रिपाठी, नप उपयंत्री बृजेश खानोरकर आदि अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने भाजपाइयों एवं नागरिकों से चर्चाकर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने तत्काल यातायात और सड़क की स्थिति सुधारने की व्यवस्था किए जाने की बात कही, जिसके बाद धरना समाप्त किया गया। वहीं प्रशासन की ओर से जानकारी दी गई है कि सड़क के सुधार का मुख्य कार्य बरसात बंद होने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल गड्ढों का पुराव कर यातायात की बाधा को दूर किया जाएगा।

मौन एमपीआरडीसी



उल्लेखनीय है कि समस्या ग्रस्त स्थल से जुड़ा मार्ग मप्र सड़क विकास निगम एमपीआरडीसी के अधीन है। लंबे समय से खराब सड़क व पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से लोग परेशान हैं। समस्या को लेकर हरिभूमि ने भी महीनों से लगातार खबरें प्रकाशित कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया। इसके बावजूद समय पर समाधान नहीं होने के कारण शनिवार को भाजपा के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन की स्थिति निर्मित हुई। इधर धरना समाप्त होने के बाद प्रशासन के आदेश पर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा तथा उपयंत्री बृजेश खानोरकर ने तत्काल गिट्टी की भारी लेयर गड्ढों पर डलवाई, ताकि आवाजाही की बाधा दूर हो सके।

दिया था अल्टीमेटम

उल्लेखनीय है कि भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने गत सप्ताह एसडीएम को आवेदन देकर समस्या समाधान की मांग की थी। तथा उल्लेख किया था कि तीन दिन में समाधान नहीं हुआ तो वे भाजपाईयों एवं आम नागरिकों के साथ समस्याग्रस्त स्थल पर धरना देंगे। अल्टीमेटम का समय बीतने पर भी जब हालात नहीं सुधरे तो शनिवार को सरोज, भाजपाई व आमजन धरने पर बैठ गए। अश्वनी सरोज प्रदर्शन दौरान मौके पर ही डटे रहे। उन्होंने कहा कि सड़क मरम्मत शुरू होने तक वे मौके से नहीं हटेंगे। तथा काम शुरू करवाकर ही सभी रवाना हुए। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा तत्काल व्यवस्था बनाने और समाधान का भरोसा दिए जाने के बाद ही धरना समाप्त किया गया।

शासकीय महाविद्यालय में हुआ शिक्षक दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय, पचमढ़ी में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय टास्क फोर्स (मानसिक स्वास्थ्य) के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 5 सितंबर 2026 को शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. एस. शेखर ने अपने संबोधन में ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की आत्मकथा अग्नि की उड़ान का उल्लेख करते हुए बताया कि विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक तनाव एवं अवसाद से बचने के उपाय बताते हुए कहा कि शिक्षक का दायित्व केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का उचित मार्गदर्शन करना भी है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सान्निध्य और मार्गदर्शन में रहने वाला विद्यार्थी मानसिक रूप से अधिक सशक्त बन सकता है। उन्होंने जैसा बोएंगे, वैसा ही काटेंगे का संदेश देते हुए विद्यार्थियों को अच्छे कर्म करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात डॉ. सत्य प्रकाश पटेल, सुश्री दीपाली जैन, डॉ. अरविंद श्रीवास्तव, एवं डॉ. प्रफुल्ल कुमार, ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

वक्ताओं ने शिक्षक शब्द की व्याख्या करते हुए बताया कि शिक्षक विद्यार्थियों को शिखर तक पहुंचाने, क्षमा करने तथा उनकी कमजोरियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक एवं मनोरंजक प्रस्तुतियां दी गईं। सनवती श्यामभवी, कनुश्री, स्वाति, महक, श्रेया, क्रिस्टिना, किरण, महक, पूनम, रितिका, शीतल त्रिपाठी, मुस्कान सहित अनेक छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों के लिए मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में कमलेश प्रथम रहे।कार्यक्रम का मंच संचालन गरिमा टिकार द्वारा किया गया।

धूमधाम से मनाया भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

जन्माष्टमी के उपलक्ष्य मे पचमढ़ी के मंदिरों एवं चौराहों पर कृष्ण जन्मोत्सव बहुत धूम धाम से मनाया गया। छोटे छोटे बच्चों की झाकी बनाई गई बच्चों को राधिका ओर कृष्ण बनाने की जैसे प्रतिस्पर्धा सी लगी हो रही हो।

पचमढ़ी के जवाहर चौक पर कृष्ण जी की झांकी सजाई गई साथ ही डीजे के व्यवस्था की गई। पचमढ़ी भ्रमण करने आए पर्यटको खासकर गुजरात से आए पर्यटको ने गरबा की धुन पर खूब डांस किया। रात्रि 12 बजे सभी ने श्री कृष्ण का प्रकटोत्सव मनाया आरती की ओर दही मक्खन एवं धने की पंजरी का प्रसाद में वितरण किया गया।

कांग्रेस कमेटी ने शिक्षक दिवस पर किया शिक्षकों को सम्मानित स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में भी हुए कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगरपालिका परिषद के शासकीय पी एम श्री विद्यालय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बताया गया कि लगभग 30शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। जिनमें विद्यालय में प्राचार्य अवधेश रघुवंशी एवं अन्य 13 शिक्षक शिक्षिकाओं को नियमित रूप से जो पीएम श्री विद्यालय में सेवा दे रहे हैं। तथा उनके अलावा 20और वह शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया जो सेवा निवृत्त हो चुके हैं।

यह पहला मौका था जब वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सभी को



शाल श्रीफल भेंटकर स्वागत सम्मानित किया गया पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यालय में कक्षाओं का दौर भी चला रहा था। बच्चों के बीच में जब शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया तो बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं था।

बच्चों के द्वारा भी सम्मानित किया गया। बताया कि यहां पर नर्सरी से कक्षा 10तक है लगभग 450 विद्यार्थियों की संख्या है। लगभग 13शिक्षक शिक्षिका कार्यरत हैं। 3शिक्षक है, 10शिक्षिका है। मंच संचालन हरीश बेमन के द्वारा किया गया। इस दौरान उपस्थित रहे अशोक पुरोहित सीमा कटकवार, कमलेश चौधरी राधेश्याम ठाकरे अविनाश पुरोहित कमलेश कुमार फहीम अब्दुल्ला राधेलाल पटेल अनुपम राय सहित हथवास से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे। वक्ताओं के द्वारा शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला गया।

इसी तरह से सांदीपनि विद्यालय आर एन ए उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य संजीव दुबे ने भी शिक्षक दिवस के कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया छात्राओं छात्रों के द्वारा। अन्य सभी शासकीय अशासकीय विद्यालयों में शिक्षक दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। तथा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।

ठाकुर जी की हवेली में दूसरे दिन मनाया गया नंद उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगरपालिका परिषद क्षेत्र के तिलक वार्ड में सीमेंट रोड पर वल्लभ सुखदायक ठाकुर जी की हवेली में 4 सितंबर को रात्रि में 12बजे नंद नदन का प्रगोटतसव हुआ। फिर दूसरे दिन 5 को धूमधाम से नंद उत्सव मनाया गया।इस खुशी के अवसर पर पूरी हवेली को फूलों से सजाया गया। पालना डाला गया जिसमें ठाकुर जी को झुलाया गया। न्यौछावर कर बधाई बांटी गई। बधाई स्वरूप में माखन मिश्री मिठाई बांटी गई। सभी लोगों ने आशीर्वाद लिया।इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों को कान्हा बनाकर सभी वैष्णवों ने गोद में लेकर नृत्य करते रहे।भजन कीर्तन रात्रि जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विशालकाय आरती कर पंजीरी ककड़ी का प्रसाद वितरित किया गया।शहर के सभी राधा कृष्ण मंदिर में भगवान का अवतरण दिवस मनाया गया।

विधायक ने समरसता यात्रा की आगवानी व कलश यात्रा में शामिल होकर लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



ग्राम पंचायत हतवास में संत शिरोमणि रविदास की 650वी जयंती वर्ष पर ग्राम पंचायत में समरसता संकल्प यात्रा की आगवानी कलश यात्रा के साथ विधायक ठाकुरदास नागवंशी नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय रामभरोसे अहिरवार जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल गोपाल दास दुदानी सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों ने मंगल कलश के साथ आगवानी करते हुए। विधायक ने कहा कि संत रविदास ने अपने जीवन में और विचारों के माध्यम से समाज को समरसता, समानता, भाईचारे,और मानवता का संदेश दिया है। नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि उनके आदर्श हम सभी को सामाजिक भेदभाव के ऊपर उठकर एकजुटता, सद्भावना के साथ आगे बढ़ने कि प्रेरणा मिलती है। यात्रा हतवास से झील पिपरिया खापरखेड़ा पंचायत में पहुंची।

कतिया समाज का ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आज होगी अहम चर्चा

सोहागपुर। श्री संत भूरा भगत जन जागृति समिति सोहागपुर की ओर से आज समाज के शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समाज से प्राप्त जानकारी अनुसार आज प्रातः 11 बजे मंगल भवन सोहागपुर में ब्लॉक स्तरीय सामाजिक शिक्षक सम्मान एवं भुजरिया मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें समाज की सेवानिवृत्त व वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों का सम्मान होगा। आयोजन समिति ने समस्त सामाजिक बंधुओं से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

शंभू दरबार आधी रात को मनाया भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव

आधी रात को गूंजे 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' भजन के सुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्री शम्भू दरबार सोहागपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देर रात तक भगवान कृष्ण के भजनों से पूरा पलास परिसर गुंजायमान रहा।

आध्यात्मिक एवं सनातन संस्कृति पुनरुत्थान मंडल से गृहस्थ संत पं. प्रकाश मनमोहन मुदगल ने बताया कि शंभू दरबार में हुए जन्माष्टमी कार्यक्रम में बरेली, उदयपुरा, नर्मदापुरम व सोहागपुर के कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी। जिसमें महक शर्मा, उमा विश्वकर्मा, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, संतोष शर्मा, बांसुरी वादक श्याम सुंदर रावत, स्वप्निल नाथ आदि उपस्थित रहे। रात्रि 12 बजे आचार्य गौरव शास्त्री एवं आचार्य गौरीशंकर शास्त्री द्वारा वेद ध्वनि के साथ भगवान का जन्मोत्सव संपन्न हुआ। आरती उपरांत प्रसाद का वितरण हुआ जिसमें हरीरा, पंजरी, पंचामृत , फलों का वितरण हुआ। इस अवसर पर पं. मुद्गल ने भगवान कृष्ण के जीवन चरित्र के बारे में बताया व जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। नगर के मंदिरों एवं सनातन परिवारों में भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव शुक्रवार रात को मनाया गया। मंदिरों एवं हिंदू परिवारों में अर्द्धरात्रि के बाद तक आयोजन जारी रहे।

नन्हे विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण पात्रों का रूप धारण किया

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व श्री कृष्ण की लीलाओं से सजा सांदीपनि विद्यालय, बच्चों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



सांदीपनि विद्यालय भैरूंदा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में मनाया गया। विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, जीवन प्रसंगों और शिक्षाओं पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में भक्ति के रंग भर दिए। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीकृष्ण स्तुति पर विद्यार्थियों की मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से हुई। इसके बाद बच्चों ने श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का मंचन किया। श्रीकृष्ण-सुदामा मिलन की भावपूर्ण प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

वहीं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण सहित विभिन्न पात्रों का रूप धारण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य संजय श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन मानवता के लिए प्रेरणादायी है।

उन्होंने धर्म-अधर्म, कर्म, कर्तव्य और जीवन के प्रति सही दृष्टिकोण का संदेश दिया। श्रीमद्भगवद्गीता मानवता और वैश्विक कल्याण की भावना का मार्गदर्शन करती है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में संगीत शिक्षक स्निग्ध नागवे और नृत्य शिक्षिका मुस्कान गोस्वामी के योगदान की प्रशंसा की। कार्यक्रम में गणेश यादव, रघुवीर सिंह राजपूत, महेश वर्मा, पल्लवी यादव, राधिका भवरेटा और सचिन त्रिवेदी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से विद्यालय परिसर पूरी तरह कृष्णमय नजर आया।

बरसते पानी में हाउसिंग बोर्ड में सीएमओ पहुंचे ऑन द स्पाट, सख्ती से हटवाया गया अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हाउसिंग बोर्ड कालोनी, हरियाली तिराहा और तृप्टि मेडिकल तक शनिवार को बरसते पानी में नगरपालिका के अतिक्रमण दल द्वारा पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण पर जबर्दस्त कार्रवाई की गई। यातायात अवरूद्ध करने एवं अवैध गतिविधियां संचालित होने की शिकायत मिलने पर करीब 10 टपों को हटाया गया है। कार्रवाई के दौरान स्वयं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख पहुंचे और उन्होंने अतिक्रमण दल को सख्ती से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

अतिक्रमण दल प्रभारी शेख सिकंदर ने बताया कि अतिक्रमण दल में एआरआई ब्रजेश सारवान, कैलाश कनोजिया, शेख शिकंदर, सतीष रघुवंशी, रितिक शर्मा, सुमित और अनिल शामिल रहे। उन्होंने बताया कि सीएमओ देशमुख की उपस्थिति में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अतिक्रमण कर रखे टपों से अवैध गतिविधि संचालित होने की शिकायत मिली थी। जिस पर जेसीबी की मदद से शनिवार को सभी टपों को हटा दिया गया। साथ ही अतिक्रमणकारियों को हिदायत दी गई कि अब दोबारा अतिक्रमण किया तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

खबर संक्षेप

शहर में आज बिजली कटौती होगी

हरदा। शहर में बिजली व्यवस्था को बेहतर और सुरक्षित बनाने के लिए रविवार 6 सितंबर को 11 केवी के तीन फीडरों पर मेंटेनेंस किया जाएगा। इस दौरान अलग-अलग समय पर संबंधित इलाकों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। 11 केवी सब्जी मंडी फीडर पर सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक काम होगा। रेलवे फीडर पर सुबह 10 से दोपहर 1 बजे और जिला पंचायत फीडर पर सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक मेंटेनेंस किया जाएगा। 11 केवी सब्जी मंडी फीडर के मेंटेनेंस के चलते सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक गुर्जर बोर्डिंग और सब्जी मंडी इलाके में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। 11 केवी रेलवे फीडर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मेंटेनेंस किया जाएगा। इस दौरान बाहेती कॉलोनी, फाइल वार्ड, देव कॉलोनी, बंगाली कॉलोनी और नारायण टॉकीज इलाके में बिजली नहीं आएगी। 11 केवी जिला पंचायत फीडर का मेंटेनेंस सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इससे दुग्ध डेयरी, जयशक्ति होम्स, हीराकुंड, बीबी सिटी, गुलाब सिटी और श्याम नगर इलाके प्रभावित रहेंगे।बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए अपने जरूरी बिजली से जुड़े काम पहले ही निपटा लें। मेंटेनेंस पूरा होने के बाद संबंधित इलाकों में बिजली सप्लाई दोबारा शुरू कर दी जाएगी।

24 घंटों में जिले में 7.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

हरदा। जिले में गत चौबीस घंटों में 7.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 4.1 मि.मी., टिमरनी में 3..2 मि.मी., खिरकिया में 6.6 मि.मी., सिराली में 17.2 मि.मी. तथा रहटगांव में 5.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 660 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 677.7 मि.मी., टिमरनी में 701.2 मि.मी., खिरकिया में 746.8 मि.मी., सिराली में 597.2 तथा रहटगांव में 577.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 5 सितम्बर तक 1000.7 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

मैसूर में एक्सपोजर विजिट का अवसर

हरदा। राइजिंग और एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजनांतर्गत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े पात्र सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए मैसूर में एक्सपोजर विजिट का आयोजन प्रस्तावित है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में खाद्य प्रसंस्करण एवं इससे संबंधित गतिविधियों से जुड़े इच्छुक एवं पात्र एमएसएमई उद्यमी इस एक्सपोजर विजिट के लिए नामांकन करा सकते हैं। यह एक्सपोजर विजिट 15 से 19 सितंबर तक केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, मैसूर में प्रस्तावित है। एक्सपोजर विजिट के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कार्यरत एमएसएमई उद्यमियों को नवीन तकनीक, प्रसंस्करण पद्धतियों, गुणवत्ता मानकों एवं उद्योग से संबंधित आधुनिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इच्छुक एवं पात्र एमएसएमई उद्यमी जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, हरदा से संपर्क कर एक्सपोजर विजिट में सहभागिता एवं नामांकन संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।


शासकीय आईटीआई में प्रवेश 7 सितंबर तक

खरगोन। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत जिले में संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में प्रवेश प्रक्रिया के तहत पहले आओ पहले पाओ राउंड का आयोजन 7 सितंबर तक किया जाएगा। संस्था के प्राचार्य विशाल नरगावे ने बताया कि इस राउंड के अंतर्गत जिले की किसी भी शासकीय आईटीआई में उपस्थित होकर नवीन रजिस्ट्रेशन, च्वाइस फिलिंग एवं त्रुटि सुधार की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। अभ्यर्थी च्वाइस फिलिंग करने से पूर्व संबंधित आईटीआई में व्यवसायवार रिक्त सीटों की संख्या अवश्य जांच लें। च्वाइस फिलिंग लॉक करने के बाद इसमें संशोधन किया जाना संभव नहीं होगा।

खिरकिया में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास व गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया

शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि वे व्यक्तित्व निर्माण, भविष्य की नींव भी रखते: शर्मा

शिक्षकों व शिक्षिकाओं का सम्मान श्रीफल भेंट कर किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खिरकिया में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं स्नेह व्यक्त किया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सोना शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का सम्मान करते हुए उन्हें श्रीफल (नारियल) भेंट किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व निर्माण, संस्कार एवं उज्ज्वल भविष्य की नींव भी रखते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य रचना राय की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके मार्गदर्शन में शिक्षक दिवस समारोह को व्यवस्थित एवं आकर्षक रूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, अतिथि शिक्षक एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में स्वनिर्मित आकर्षक शुभकामना कार्ड, ग्रीटिंग कार्ड एवं सुंदर उपहार तैयार किए। विद्यार्थियों ने कार्डों को अपनी रचनात्मकता से सजाकर उनमें गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त करने वाले संदेश लिखे और उन्हें उपहार स्वरूप अपने शिक्षकों को भेंट किया। इस आत्मीय पहल से विद्यालय का वातावरण भावनात्मक एवं आनंदमय हो गया।

विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं एवं विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपने-अपने शिक्षकों का सम्मान किया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु का मार्गदर्शन जीवन को सही दिशा प्रदान करता है और शिक्षक ही ज्ञान, संस्कार एवं सफलता का आधार हैं। इस अवसर पर शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें अनुशासन, मेहनत, संस्कार एवं निरंतर सीखने की प्रेरणा दी। शिक्षकों ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही उनके लिए सबसे बड़ा सम्मान और पुरस्कार है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान को भी स्मरण किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि शिक्षक दिवस हमें अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान व्यक्त करने तथा उनके बताए आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देता है। विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों को दिए गए हस्तनिर्मित कार्ड एवं उपहारों ने समारोह को विशेष एवं यादगार बना दिया। इस प्रकार पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खिरकिया में शिक्षक दिवस समारोह विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच स्नेह, सम्मान एवं गुरु-शिष्य परंपरा का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करते हुए हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

आर्यन जनसेवा फाउंडेशन ने किया शिक्षक दंपती का सम्मान



हरदा। शिक्षक दिवस के अवसर पर आर्यन जनसेवा फाउंडेशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले शिक्षक दंपति का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में हरदा के सेवानिवृत्त प्रोफेसर एलएन पाराशर एवं सेवानिवृत्त शिक्षिका दीपमाला पाराशर का सम्मान कर उनके शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। इस अवसर पर संस्था से जुड़ी अंजू भायरे ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण की मजबूत नींव हैं। शिक्षक विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि उन्हें संस्कार, अनुशासन और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं। ऐसे शिक्षक दंपति का सम्मान करना गौरव की बात है। कार्यक्रम में राम नेमा, मादिक रुनवाल, राजेश ओझा, गोपाल शुक्ला एवं सुदीप मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। शिक्षक दंपति को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर सजी झांकी

शिवानुजा प्ले स्कूल में नन्हे-मुन्नों ने राधा-कृष्ण बनकर मोहा मन



हरदा। कान्हा की बाल लीलाओं और राधा-कृष्ण की मनमोहक छवि से शिवानुजा प्ले स्कूल का परिसर कृष्णमय नजर आया।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा और कृष्ण के आकर्षक परिधानों में सजकर पहुंचे। बच्चों ने अपनी मासूम अदाओं और मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इस दौरान "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की" के जयकारे भी गूंजते रहे। बच्चों ने राधा-कृष्ण की सजीव एवं सुंदर झांकी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की थीम पर विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की गईं। संस्था की संचालक विभूति गौर ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने तथा अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर कृष्ण एवं राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष योगमाया शर्मा एवं समाजसेवी श्वेता बांगर्ड उपस्थित रहीं। अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों का अवलोकन कर विजेताओं का चयन किया। योगमाया शर्मा ने कहा कि बच्चों को भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण हैं, वहीं श्वेता बांगर्ड ने कहा कि बच्चों का उत्साह और राधा-कृष्ण के रूप में उनकी प्रस्तुतियां बेहद आकर्षक रहीं।

ग्रुप-1 की कृष्ण प्रतियोगिता में प्रथम युवान राठौर, द्वितीय आर्यांश उइके एवं तृतीय भारतेंदु राजपूत रहे। राधा प्रतियोगिता में प्रथम पूर्वी प्रजापत, द्वितीय कायरा सदानी एवं तृतीय आराध्या तिवारी रहीं।

इसी प्रकार ग्रुप-2 की कृष्ण प्रतियोगिता में प्रथम श्रीयान गोयल, द्वितीय श्रीयान जैसानी एवं तृतीय रेवांश गोयल रहे। राधा प्रतियोगिता में प्रथम अमाया शर्मा तथा द्वितीय प्रांशी जाट रहीं। कार्यक्रम के दौरान संस्था की वाइस प्रिंसिपल समीक्षा त्यागी सहित सुधा ठाडा, ऋतु राजपूत, प्रिया तोमर, मोनिका नागवंशी, भावना वर्मा, अनिमेष देवड़ा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन व पंजीयन- 2026

हरदा जिला पायलट के रूप में चयनित, 7 से 9 तक चयनित 10 ग्राम पंचायतों में लगाएंगे विशेष कैंप

हरदा। शासन की महत्वाकांक्षी योजना "स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन- 2026" के अंतर्गत जिला हरदा को पायलट जिले के रूप में चयनित किया गया है। योजना का उद्देश्य स्वामित्व योजना के तहत तैयार अधिकार अभिलेख के माध्यम से भूमि स्वामी को बैंक से ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाना है। इसके तहत शासन द्वारा भूमि स्वामियों के पक्ष में अधिकार अभिलेखों का निःशुल्क पंजीयन (रजिस्ट्री) कराया जाएगा, जिससे उन्हें उक्त संपत्ति के आधार पर बैंकिंग संस्थाओं से ऋण प्राप्त करने में सुविधा होगी।

इस हेतु जिले में 7 से 9 सितम्बर तक चयनित 10 ग्राम पंचायतों में विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। पायलट के रूप में चयनित ग्राम पंचायतों में तहसील हरदा की पिडगाँव एवं सिरकम्बा, तहसील हण्डिया की बेसवा एवं बागरूल, तहसील खिरकिया की कल्याखेड़ी, तहसील सिराली की लोलांगरा एवं बावड़िया, तहसील टिमरनी की निमाचा-खुर्द एवं गोंदागाँव-कला तथा तहसील रहटगाँव की धनपाड़ा शामिल है। जिले की शेष ग्राम पंचायतों में योजना का विस्तार 17 सितम्बर से किया जाएगा। पंजीयन प्रक्रिया एमपी ईसेवा मोबाइल एप के माध्यम से स्वयं आवेदक द्वारा की जाएगी, यदि आवेदक स्वयं नहीं कर पाता है तो पटवारी द्वारा पंजीयन किया जा सकेगा। इससे पूर्व भूमि स्वामी को भूलेख एप/पोर्टल से आधार ई केवायसी एवं खसरा लिंक की प्रक्रिया पूर्ण करना अनिवार्य होगा। पटवारी द्वारा निष्पादित पंजीयन विलेखों का सत्यापन सारा एप के माध्यम से तथा उप-पंजीयक अधिकारी (तहसीलदार, नायब तहसीलदार) द्वारा निष्पादित पंजीयन विलेखों का सम्पदा एप के माध्यम से सत्यापन कर पंजीकृत किया जाएगा। योजना के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर हरदा रहेंगे, जबकि अनुभाग स्तर पर संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी नोडल रहेंगे।

कृषि वैज्ञानिक व कृषि विभाग के अधिकारियों ने फसलों का किया निरीक्षण

कपास में रस चूसक कीटों के नियंत्रण के लिए किसानों को दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन



जिले में फसलों की स्थिति एवं कीट-रोग प्रकोप का जायजा लेने के लिए जिला स्तरीय डायग्नोस्टिक दल द्वारा गुरुवार को विकासखण्ड खरगोन एवं सेगांव के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया गया। दल ने ग्राम नंदगांव रोड, छोटी उन, तलकपुरा, बिरला एवं रसगांव में कृषकों के खेतों का निरीक्षण कर कपास, अरहर, मक्का, सोयाबीन, अरंडी एवं मिर्च फसलों की स्थिति का अवलोकन किया। डायग्नोस्टिक दल में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. आर.के. सिंह, अनुविभागीय अधिकारी कृषि अनुभाग खरगोन श्री गोपाल डाबर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड खरगोन श्री गिरधारी भावर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड सेगांव श्री राजाराम चौहान सहित कृषि विभाग का मैदानी अमला शामिल रहा। निरीक्षण के दौरान अधिकांश खेतों में फसलों की स्थिति अच्छी पाई गई। वहीं कुछ स्थानों पर कपास एवं मिर्च फसल में कीट एवं रोग प्रकोप भी देखा गया।

कपास फसल में हरे मच्छर, सफेद मच्छर एवं अन्य रस चूसक कीटों का प्रकोप पाए जाने पर वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. आर.के. सिंह ने किसानों को कीट नियंत्रण के संबंध में आवश्यक सलाह दी। उन्होंने अनुशंसित कीटनाशकों का आवश्यकता अनुसार छिड़काव करने तथा रासायनिक कीटनाशक के प्रत्येक छिड़काव के बाद जैविक कीटनाशकों जैसे नीम तेल, मेटाराइजियम एनीसोप्लि, बवेरिया बेसियाना एवं वर्टीसिलियम लेकेनी का उपयोग करने की सलाह दी। कृषि वैज्ञानिक ने फसल में कीटों की निगरानी एवं नियंत्रण के लिए प्रति एकड़ 25 पीले कार्ड, 25 नीले कार्ड तथा 3 से 4 फेरोमोन ट्रैप लगाने की भी सलाह दी। उन्होंने किसानों से फसल का नियमित निरीक्षण करने तथा कीट एवं रोग का प्रकोप दिखाई देने पर तत्काल कृषि विभाग के मैदानी अमले से संपर्क कर उचित नियंत्रण उपाय अपनाने का आग्रह किया।

निरीक्षण के दौरान ग्राम नंदगांव रोड से रेवाराम पिता दयाराम एवं शंकरलाल पिता ठाकुरलाल, ग्राम छोटी उन से श्री हरि पिता तुलसीराम, ग्राम तलकपुरा से गुलाबसिंह पिता गोपाल, ग्राम बिरला से श्री मांगीलाल पिता मंगलसिंह, श्री राहुल पिता शोभाराम एवं धर्मेन्द्र पिता नयनसिंह सहित ग्राम रसगांव के पढरी पिता मांगीलाल, बलीराम पिता बाल्या, श्री कालू पिता बलीराम, राजेन्द्र पिता सीताराम, महेन्द्र पिता मंशाराम, हिरदाराम पिता गणपत, मनोहर पिता कैलाश, श्री सतीश पिता भगवान, रविन्द्र पिता मंशाराम एवं छोटेलाल पिता तुकाराम सहित अन्य कृषक उपस्थित रहे।

प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश का फैसला

आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का आरोप साबित नहीं, पांचों आरोपी को बरी किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

रोहित कनेरे को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश ने पांचों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। न्यायालय ने प्रकरण में प्रस्तुत साक्ष्यों एवं दस्तावेजों का सूक्ष्मता से अवलोकन करने तथा बचाव पक्ष के तथ्यों को ध्यान में रखते हुए 2 सितंबर 2026 को निर्णय पारित किया। अभियोजन की ओर से मामले में 15 साक्षियों के कथन न्यायालय के समक्ष दर्ज कराए गए थे। प्रकरण में मृतक का सुसाइड नोट जब्त किया गया था तथा पुलिस द्वारा मृत्यु-पूर्व कथन (डाइंग डिक्लेरेशन) भी प्रस्तुत किया गया था। अभियोजन के अनुसार घटना 3 अगस्त 2025 की है। मृतक रोहित कनेरे ने सल्फास का सेवन कर लिया था, जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल हरदा ले जाया गया। मामले में थाना टिमरनी के मर्ग क्रमांक 57/25, धारा 194 बीएनएसएस के तहत जांच शुरू की गई। मर्ग जांच के दौरान मृतक के पिता रामविलास, माता आशाबाई, भाई राहुल, भाभी रीना, बहन मनीषा, चाचा गोविंद एवं चचेरे भाई आशीष के कथन दर्ज किए गए।

कथनों में बताया गया कि रोहित की शादी करीब सात वर्ष पहले सामाजिक रीति-रिवाज से हरदा निवासी राजकुमारी उर्फ संगीता के साथ हुई थी। दोनों की चार वर्षीय बालिका है। शादी के बाद से ही पत्नी के बार-बार मायके जाने को लेकर दोनों के बीच विवाद रहता था। करीब दो वर्षों से राजकुमारी अपनी बालिका के साथ मायके में रह रही थी। रोहित जब बेटी से मिलने जाता था तो उसे बच्ची से मिलने नहीं दिया जाता था, जिससे वह परेशान रहता था। रोहित की पत्नी और ससुराल पक्ष के गौरीशंकर, मंजूबाई, रामकृष्ण एवं माखन सिंह उसे दहेज प्रताड़ना के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देते थे तथा गांव का गंवार कहकर अपमानित करते थे। मर्ग जांच के दौरान मृतक के घर से सुसाइड नोट भी जब्त किया गया। सुसाइड नोट का ड्राफ्ट तैयार कर हस्तलिपि मिलान के लिए हस्तलिपि विशेषज्ञ भोपाल भेजा गया। मृतक का प्रिजर्व विसरा रासायनिक परीक्षण के लिए एफएसएल भोपाल भेजा गया।

सुसाइड नोट एवं साक्षियों के कथनों के आधार पर प्रथम दृष्टया आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का अपराध पाए जाने पर थाना टिमरनी में अपराध क्रमांक 428/25, धारा 108 सहपठित धारा 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया, साक्षियों के कथन दर्ज किए गए और अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान पूर्ण होने के बाद अभियोग पत्र न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, टिमरनी के न्यायालय में पेश किया गया। मामला सत्र न्यायालय से विचारणीय होने के कारण 19 सितंबर 2025 को उपार्पण आदेश पारित कर प्रकरण सत्र न्यायालय को सुपुर्द किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन ने 15 साक्षियों के कथन कराए। न्यायालय ने समस्त साक्ष्यों एवं दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद आरोप सिद्ध नहीं पाए और पांचों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

शासकीय विधि महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाई गई बलराम जयंती

भगवान बलराम के जीवन से कर्मठता, अनुशासन और निष्ठा की प्रेरणा लेने का दिया गया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

शासकीय विधि महाविद्यालय, खरगोन में भगवान बलराम की जयंती के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह मंडलोई ने की। कार्यक्रम का संयोजन सत्यम निंगवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बलराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर एलएलबी के छात्र प्रद्युम्न रावल ने भगवान बलराम के जीवन चरित्र, उनके आदर्शों तथा भारतीय संस्कृति में कृषि एवं श्रम के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। एलएलबी की छात्रा खुशी सेन ने भगवान बलराम की स्तुति में मधुर भजन प्रस्तुत कर उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया। वहीं महाविद्यालय की प्राध्यापक सुश्री तृप्ति जायसवाल ने भी सुमधुर भजन की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

प्राचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह मंडलोई ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बलराम शक्ति, न्याय और निष्ठा के प्रतीक हैं। उनके जीवन से विद्यार्थियों को कर्मठता, अनुशासन एवं अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण की प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालनसत्यम निंगवाल ने किया तथा आभार प्रदर्शन सुश्री शिवांगी निराले ने किया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में हुआ।

अंचल में भक्ति का उल्लास छाया रहा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकाली शोभायात्रा भाजपा कार्यकर्ता ने किया जोरदार स्वागत



खरगोन। शोभायात्रा के दौरान भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन ने नगर पालिका कार्यालय के सामने स्वागत मंच लगाया। यहां यात्रा में शामिल समाजजनो पर गुलाब, गेंदे के फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल कसरावद विधायक सचिन यादव ने मंच पर पहुंचकर अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष शम्भूसिंह मनहर, जिला मंत्री विजय पटेल, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा, मण्डल अध्यक्ष अजय राठौड़, रवि वर्मा, अजजा मौर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर भालसे, अखिलेश यादव, दिलीप पंडित, मीनाक्षी मुछाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी मौजूद रहे। शोभायात्रा में यादव समाजजनों का उत्साह यात्रा में देखते ही बन रहा था। चल समारोह में राधा.कृष्ण की वेशभूषा में सजे बालक-बालिका सुसज्जित बग्घी में सवार थे। यात्रा में शामिल समाजजनों का करीब एक दर्जन से अधिक स्थानों पर सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों ने रास्तेभर लगे स्टॉलों पर जलपान, पुष्पवर्षा एवं स्वल्पाहार कर स्वागत किया।

बिजली काटने की धमकी देकर साइबर ठगों ने बुजुर्ग को फंसाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

साइबर ठगों ने अब बिजली बिल के नाम पर लोगों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। सीहोर के वैशाली नगर निवासी 67 वर्षीय अनिल कुमार जैन के साथ कथित तौर पर इसी तरह की साइबर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।

पहले बिजली बिल का किया भुगतान : शिकायत के अनुसार अनिल कुमार जैन ने 1 सितंबर 2026 को सुबह करीब 11:19 बजे अपने बिजली कनेक्शन नंबर का बिल ऑनलाइन भुगतान किया था। भुगतान के करीब एक घंटे बाद दोपहर लगभग 12:03 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम हरेंद्र कुमार बताया।

बिल अपडेट नहीं हुआ, बिजली कट जाएगी : आरोप है कि कॉल करने वाले ने बुजुर्ग से कहा कि उन्होंने अभी बिजली बिल का भुगतान किया है, लेकिन बिल अपडेट नहीं हुआ है। इसी आधार पर उन्हें बिजली कनेक्शन काटे जाने की बात कहकर डराया गया। ठग ने कहा कि वह व्हाट्सऐप पर बिल अपडेट करने की फाइल भेज रहा है और फोन पर पूरी प्रक्रिया बताता जाएगा।

वाट्सएप पर भेजी जानकारी, फिर शुरू हुआ खेल : शिकायतकर्ता के मुताबिक, फोन करने वाले के बताए अनुसार उन्होंने व्हाट्सऐप खोला और उसके निर्देशों का पालन करना शुरू किया। इसी दौरान ठग के बताए तरीके से कार्रवाई करने पर उनके बैंक खातों से रकम ट्रांसफर हो गई। शिकायत में बताया गया है कि एसबीआई खाते से 94,244 रुपए और बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से 55,307 रुपए ट्रांसफर हुए।

मोबाइल पर आए मैसेज से खुला साइबर फ्रॉड : बैंक खातों से रकम जाने के बाद बुजुर्ग के मोबाइल पर लगातार एसएमएस आने लगे। संदेश देखने पर उन्हें पता चला कि उनके और उनकी पत्नी के क्रेडिट कार्ड से भी उनकी जानकारी और अनुमति के बिना लेनदेन किया गया है। इसके बाद उन्हें अपने साथ बड़ी साइबर धोखाधड़ी होने का पता चला।

थाना प्रभारी बोले- जल्द होगी कार्रवाई: कोतवाली थाना प्रभारी गिरीश जोशी ने बताया कि मामले में पड़ताल चल रही है। पुलिस द्वारा प्रकरण से जुड़े तथ्यों और लेनदेन की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटाकर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित ने पुलिस से कथित धोखाधड़ी की राशि वापस दिलाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।